
# संयुक्त राज्य अमेरिका में एस्बेस्टस पर प्रतिबंध

संयुक्त राज्य अमेरिका की **पर्यावरण संरक्षण एजेंसी** ने हाल ही में एस्बेस्टस पर व्यापक प्रतिबंध की घोषणा की है, जो एक कैंसरकारी पदार्थ है और जिससे प्रत्येक वर्ष हज़ारों अमेरिकियों की जान चली जाती है।

- एस्बेस्टस, जो कभी **घरों के इंसुलेशन और अन्य उत्पादों में** आमतौर पर प्रचलित था, वर्तमान में विश्व के **50 से अधिक देशों** में प्रतिबंधित है और अमेरिका में इसके प्रयोग में कमी आई है।
  - वर्तमान में अमेरिका में उपयोग के लिये आयातित, संसाधित या वितरित किये जाने वाले एस्बेस्टस का एकमात्र रूप **क्रिसोटाइल एस्बेस्टस** है, जो मुख्य रूप से ब्राज़ील और रूस से आयात किया जाता है।
  - इस पदार्थ का प्रयोग **क्लोरीन ब्लीच** और **सोडियम हाइड्रॉक्साइड** के निर्माण के लिये किया जाता है, जिसे **कास्टिक सोडा के रूप में भी जाना जाता है**। इनमें कुछ जल शुद्धिकरण के लिये भी प्रयोग किये जाते हैं।
- एस्बेस्टस के संपर्क में आने से फेफड़ों का कैंसर, **एस्बेस्टोसिस** (फेफड़े में घाव), मेसोथेलियोमा (एक दुर्लभ आक्रामक कैंसर) और फुफ्फुस जटिलताओं सहित गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न होते हैं।
- **भारत ने वर्ष 2011 में एस्बेस्टस के खनन पर प्रतिबंध लगा दिया** था, लेकिन यह अभी भी इंसुलेशन, छत की शीट एवं ब्रेक लाइनिंग जैसे उत्पादों में एस्बेस्टस का आयात और उपयोग करता है।




**और पढ़ें:** मेसोथेलियोमा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ban-on-asbestos-in-the-united-states